प्रादेशिक समाचार

12.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलॉग के समापन सत्र में ले रहे हैं भाग, युवा नेताओं से उनके नवाचारों और विचारों को जाना।

2. केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रांची में विकसित भारत जी राम जी योजना की खूबियों का किया बखान, कहा–नई योजना गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान पर केंद्रित।

3. झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, नगर निकाय चुनावों की तैयारियों पर हुआ मंथन।

4. प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष का चुनाव 14 जनवरी को, पर्यवेक्षक केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम की उपस्थिति में पूरी की जायेगी चुनाव प्रक्रिया।

5. अपराधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, बोकारो से छह साइबर ठग गिरफ्तार, हजारीबाग से हत्या के आठ अपराधी पकड़े गये।

****

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलॉग के समापन सत्र में शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और युवा नेताओं से बातचीत करके उनके नवाचारों और विचारों को जाना। प्रधानमंत्री ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा वाहक बताते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में उनकी ऊर्जा और विचारों की मुख्य भूमिका होगी।

****

केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज रांची में विकसित भारत जी–राम जी योजना की खूबियों का बखान किया। झारखंड दौरे पर आये श्री खट्टर ने कहा कि जी राम जी योजना विकसित भारत के निर्माण के लिए गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान पर केंद्रित है।

****

झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में नगर निकाय चुनाव पर चर्चा हुई। श्री सोरेन ने निकाय आरक्षण सूची के अनुसार कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में उतरने के निर्देश दिए।

****

प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष का चुनाव 14 जनवरी को होगा। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. प्रदीप वर्मा ने आज रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम की देखरेख में होने वाले इस चुनाव के परिणाम भी उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कल नामांकन और नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

****

रांची प्रेस क्लब में आज राजनीति और मीडिया विषय पर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अन्य लोगों के अलावा हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला भी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीति और मीडिया एक–दूसरे के पूरक हैं। दोनों का अंतिम लक्ष्य जनसेवा और राष्ट्रहित होना चाहिए।

****

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रांची के धुर्वा क्षेत्र से 2 जनवरी से लापता दो बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों की सुरक्षित वापसी का आश्वासन दिया और स्वयं डीजीपी से बात कर मामले में तेजी लाने को कहा। इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाये।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आगामी दावोस और यूके की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान झारखंड की औद्योगिक क्षमता के साथ–साथ राज्य की प्राचीन भू–विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेंगे। वे राज्य के मेगालीथ, गुफा चित्रों और जीवाश्मों को वैश्विक धरोहर के रूप में मान्यता दिलाने का प्रयास करेंगे।

****

बोकारो पुलिस ने चास से 6 शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। बिहार का प्रिंस कुमार इस गिरोह का मास्टरमाइंड है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि यह सफलता प्रतिबिंब ऐप के माध्यम से मिली है। पुलिस ने इनके पास से 13 मोबाइल, नकद और बैंक पासबुक बरामद किया है।

****

हजारीबाग पुलिस ने चर्चित सूरज राणा हत्याकांड का खुलासा करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि एक जनवरी को इंद्रपुरी चौक पर डीजे विवाद के प्रतिशोध में सूरज की हत्या की गई थी। पुलिस ने दिल्ली, नोएडा और अन्य शहरों में छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा और हथियार बरामद किए।

****

जमशेदपुर के साकची इलाके में वन विभाग ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए वन्यजीव तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर विभाग ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 70 से अधिक तोते, हिरण का सींग और मोर के पंख बरामद किए। डीएफओ सबा आलम ने बताया कि आरोपियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत जेल भेजा जा रहा है।

****

राज्य में ठंड का कहर जारी है और आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है, जिससे कनकनी बढ़ेगी। मौसम विभाग ने कल रांची, हजारीबाग, कोडरमा और पलामू समेत राज्य के 13 जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है।

14 जनवरी को 17 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है।

****

रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में राज्य के कुल 30 खिलाड़ियों में से पश्चिमी सिंहभूम जिले के 6 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें लालू कालुंडिया, दिलकी पारेया, बामाई तिरीया, मांगू इचागुट्टू, सन्नी कोडा एवं चोमन सुंडी हैं।

********समाप्त*********